समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha
समग्र शिक्षा

Under CSR Support by
ipca | Foundation



कक्षा - 7

हिंदी (पल्लव)

अध्याय – 4

मेरी राजस्थान यात्रा

भाग – 1

मिताली कुमारी

समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha
समग्र शिक्षा

Under CSR Support by
ipca | Foundation

"देखो बेटी, आज के अखबार में एक स्कूली बच्ची ने अपनी मुंबई यात्रा के अनुभवों को व्यक्त करते हुए एक सुंदर लेख लिखा है।"

— पिताजी ने अखबार का पन्ना दिखाते हुए निकिता से कहा।

"बेटी, तुम भी अपनी पिछली राजस्थान यात्रा के बारे में एक छोटा-सा लेख तैयार कर सकती हो।"

"क्यों नहीं पिताजी लेकिन क्या मेरा लेख भी अखबार में प्रकाशित हो जाएगा?"

जिज्ञासा भरी नजरों से निकिता ने पिताजी की ओर देखा। "अवश्य प्रकाशित हो जाएगा बेटी, तुम लिखो तो सही। तुम्हारा लेख मैं स्वयं अखबार के दफ्तर में देकर आऊँगा।"




अखबार में अपना लेख प्रकाशित होने की कल्पना से ही निकिता की आँखें चमक उठीं और वह अपनी पिछली राजस्थान यात्रा की यादों में खो गई। निकिता अपनी राजस्थान यात्रा के अनुभवों का एक आलेख तैयार करने लगी.....

समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha
समग्र शिक्षा

Under CSR Support by
ipca | Foundation

मेरी राजस्थान यात्रा



राजस्थान घूमने की चाहत मेरे मन में बचपन से ही थी। क्योंकि राजस्थान की सांस्कृतिक परंपरा, ऐतिहासिक किले, रेगिस्तान, भोजन तथा विभिन्न उत्सव आदि के बारे में सुनती आई थी। इसलिए राजस्थान घूमने की इच्छा और भी प्रबल हो गई थी। पिताजी ने जब हमें बताया कि इस बार सर्दी की छुट्टियों में हम राजस्थान घूमने जा रहे हैं तो मेरा मन खुशी से झूम उठा।

समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha
समग्र शिक्षा

Under CSR Support by
ipca | Foundation

राजस्थान यात्रा के मेरे अनुभवों को आप सब के साथ बाँटते हुए मुझे बड़ी खुशी हो रही है। माँ, पिताजी, मेरा छोटा भाई अर्णव और मैं हमने अपनी गुवाहाटी से नई दिल्ली तक की यात्रा राजधानी एक्सप्रेस से की। राजस्थान की हमारी पहली मंजिल थी राज्य की राजधानी जयपुर। नई दिल्ली से जयपुर तक की यात्रा भी हमने रेलगाड़ी से ही तय की।

समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha
समग्र शिक्षा

Under CSR Support by
ipca | Foundation

लगभग पाँच घंटे की इस यात्रा में, मैं राजस्थान के राजपूत योद्धाओं और यहाँ की वीरांगनाओं की साहसिक कहानियों में खो गई थी। कब जयपुर पहुँच गए मुझे तो पता भी नहीं चला। रात हो चुकी थी। जनवरी का महीना था। हमारे यहाँ की तुलना में ठंड कुछ अधिक ही लग रही थी।

अगली सुबह हम सभी जयपुर घूमने निकले। यहाँ घूमते हुए मैंने देखा कि यह बड़ा ही सुनियोजित शहर है। बाजार सब सीधी सड़कों के दोनों ओर हैं।

समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha
समग्र शिक्षा

Under CSR Support by
ipca | Foundation



भवनों का निर्माण भी बिलकुल एक ही तरीके से किया गया है। यहाँ के प्रत्येक भवन में गुलाबी रंग का उपयोग किया गया है इसलिए इसे 'गुलाबी शहर' भी कहते हैं। आज का जयपुर शहर विश्व के सुंदरतम शहरों में से एक माना जाता है।

यहाँ हमने अनेक दर्शनीय स्थल भी देखे जिनमें हवा महल, सिटी पैलेस, जंतर-मंतर, आमेर का किला आदि प्रमुख हैं।

समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha
समग्र शिक्षा

Under CSR Support by
ipca | Foundation



जयपुर का विश्व प्रसिद्ध हवामहल एक पाँच मंजिली इमारत है, जिसमें सैकड़ों झरोखे बने हुए हैं। जंतर-मंतर पर मैंने देखा कि विदेशी पर्यटक सूर्य की किरणों से समय की गणना कर अपनी कलाई में बंधी आधुनिक घड़ी में वही समय देखकर दंग रह जाते हैं। अपने गौरवशाली इतिहास पर मुझे मन ही मन गर्व हो रहा था।

हमारी अगली यात्रा उदयपुर के लिए थी। अनुपम प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर उदयपुर देशी एवं विदेशी पर्यटकों के आकर्षण का प्रमुख केंद्र है। शायद यही कारण है कि उदयपुर को पूर्व का वेनिस, झीलों की नगरी, राजस्थान का कश्मीर आदि नामों से भी जाना जाता है। इस सुंदर शहर को नजदीक से देखने के बाद मुझे यह अहसास हुआ कि राजस्थान के भौगोलिक परिवेश के बारे में हम कितना गलत सोचते थे।

समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha
समग्र शिक्षा

Under CSR Support by
ipca | Foundation

यहाँ घूमते हुए हमने नगर के सबसे ऊँचे स्थान पर स्थित राजमहल को देखा जो काफी भव्य और विशाल है। यह पेशोला झील के तट पर बसा हुआ है। महल से पूरे शहर और झील का दृश्य कितना मनोरम दिखाई देता है! महल के अंदर वीर महाराणा प्रताप के जीवन से संबंधित अनेक चित्र, अस्त्र-शस्त्र आदि भी हमने देखे।


समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha
समग्र शिक्षा

मूल्यांकन

Under CSR Support by
ipca | Foundation




1 | राजस्थान की राजधानी जयपुर पर स्थित है



मूल्यांकन



2 राजस्थान की हमारी पहली मंजिल थी दिल्ली



मूल्यांकन



3 | जयपुर को 'गुलाबी शहर' भी कहते हैं ।

